# समाचार

## स्वच्छता हमारी दिनचर्या व जीवनशैली का अभिन्न अंग – उद्योग मंत्री

### (उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत संचालित स्वच्छता पखवाड़े का किया समापन)




कोरबा 02 अक्टूबर 2024 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि स्वच्छता हमारी दिनचर्या व जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग हैं, हमें स्वच्छता को अपनी आदत, अपने संस्कार व अपनी हर गतिविधि में शामिल करना होगा। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार है कि उन्होने स्वच्छता की बयार देश के कोने–कोने तक पहुंचाई और आज स्वच्छता की गूंज शहर–शहर, गांव–गांव में गुंजायमान हो रही है, लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे हैं, स्वच्छता को अपनी जीवनशैली में शामिल कर रहे हैं।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने '' स्वच्छता ही सेवा अभियान '' अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं, स्वच्छता पखवाड़े के समापन कार्यक्रम के दौरान कही। शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विगत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवाड़े का वृहद आयोजन कोरबा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन आज महात्मा गांधी की जयंती 02 अक्टूबर को हुआ। टी.पी.नगर स्टेडियम के समीप स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति देते हुए उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अभियान का औपचारिक समापन किया। इस मौके पर दिए गए अपने उद्बोधन में मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, महात्मा गांधी जी के स्वच्छता के सपने को साकार कर रहे हैं, विगत 10 वर्षो से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए गए कार्यो से देश की दशा व दिशा बदली है, आज स्वच्छता के प्रति लोगों में बहुत अधिक जागरूकता आई है, अब सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने में लोग संकोच करते हैं, सफाई व्यवस्था में व्यापक बदलाव आए हैं, घर–घर में डस्टबिन दिए गए हैं ताकि लोग खुले में कचरा न डालें, घर–घर जाकर कचरा कलेक्शन करने की व्यवस्था की गई है, हर घर में

शौचालय बनवाए गए हैं, अब लोग खुले में शौच नहीं करते, निश्चित रूप से इस अभियान से लोगों की आदतों में, उनकी सोच में व्यापक बदलाव आया है। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता मित्रों, छात्र–छात्राओं तथा नागरिकों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई, उपस्थित लोगों ने शहर को साफ–सुथरा रखने, जीवन में स्वच्छता को अपनाने, साफ–सफाई के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दोहराया।

**शहर हो या गांव स्वच्छता आवश्यक** – इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहर हो या गांव सभी जगहों में स्वच्छता आवश्यक है, शहरी लोगों के साथ–साथ अब गांव के लोग भी स्वच्छता के प्रति जागरूक हो चुके हैं, साफ–सफाई के प्रति सजग रहते हैं। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक पैमाने पर स्वच्छता संबंधी गतिविधियॉ व कार्यक्रम संचालित हुए हैं, जो निश्चित रूप से सराहनीय कदम हैं।

**स्वच्छता व साफ–सफाई निरंतर चलने वाला कार्य** – इस अवसर पर कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत 17 सितम्बर को हुई थी, इस एक पखवाड़े में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता आधारित कार्यक्रम व गतिविधियॉ संचालित हुई, आज इसका औपचारिक समापन हो रहा है किन्तु स्वच्छता व साफ–सफाई का कार्य प्रतिदिन व निरंतर चलने वाला कार्य है, हमें प्रतिदिन स्वच्छता कार्यो को एक अभियान के रूप में ही करना होगा, शहर को गांव को साफ–सुथरा रखने के अपने संकल्प को हमेशा याद रखना होगा। इस मौके पर उन्होने आमजन से अपील की कि वे सूखा व गीला कचरा घरों में अलग–अलग डस्टबिन में संग्रहित करें तथा स्वच्छता दीदियों को दें ताकि कचरे का समुचित प्रबंधन सुगमतापूर्वक हो सके।

**स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों को साधुवाद** – इस अवसर पर पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता व साफ–सफाई मनुष्य के स्वस्थ जीवन का आधार है, शहर को स्वच्छ बनाए रखने व प्रतिदिन सफाई कार्यो में अपना श्रम देने वाली स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों को बहुत–बहुत साधुवाद है कि उनके परिश्रम के कारण ही हमें स्वच्छता प्राप्त होती है, जो जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हम सबके हृदय में स्वच्छता के संस्कार जगाएं हैं, इस संस्कार को हमें संजोए रखना हैं तथा साल के 365 दिन स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना है।

**उत्कृष्ट सहभागिता हेतु सम्मान** – इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने स्वच्छता ही सेवा अभियान से जुड़े कार्यो व गतिविधियों में उत्कृष्ट सहभागिता हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना कोरबा, के.एन.कालेज, सी. जी. बटालियन कोरबा, स्वामी आत्मानंद स्कूल एन.सी.डी.सी., साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर, सेंट जेवियर्स स्कूल, ब्लू वर्ड स्कूल, निर्मला स्कूल सी.एस.ई.बी., न्यू ईरा पब्लिक स्कूल, निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी, बालमानस मंदिर आदि विद्यालयों को सम्मानित किया। इसी प्रकार विभिन्न स्वच्छता प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों को सुरक्षा उपकरण, ड्रेस, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, प्रदान करने के साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से लाभांवित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मोबाईल मेडिकल यूनिट व स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य जांच व आवश्यकतानुसार दवाईयॉ दी गई।

**स्वच्छता कार्यो का प्रतिवेदन** – इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में संचालित की गई व्यापक गतिविधियों व कार्यक्रमों के साथ–साथ निगम की साफ–सफाई व्यवस्था व स्वच्छता कार्यो के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार स्वच्छता पखवाड़े के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित की गई स्वच्छता गतिविधियों व कार्यक्रमों के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन पंचायत विभाग की उपसंचालक जूली तिर्की ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक श्री घनश्याम श्रीवास के द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन निगम के उपायुक्त पवन वर्मा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

समापन समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, नारायणदास महंत, सुफलदास महंत, विकास अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, संयुक्त कलेक्टर श्री बंजारा, अपर आयुक्त

विनय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, प्रफुल्ल तिवारी, परविंदर सिंह, युगल कैवर्त, आकाश श्रीवास्तव, नरेन्द्र पाटनवार, घनश्याम श्रीवास आदि के साथ जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम के अधिकारी कर्मचारीगण, स्वच्छता दीदियॉं, महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं, विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं, अध्यापक–अध्यापिकागण व आमनागरिकगण उपस्थित थे।